an>

Title: Need to undertake repair of roads constructed under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Aurangabad parliamentary constituency, Bihar.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) ः मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) के औरंगाबाद एवं गया जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच वर्ष से पहले निर्मित सड़कों की स्थिति वर्तमान में एकदम जर्जर हो गई है, जो बिल्कुल ही चलने के लायक नहीं बची है।

मैं उदाहरण के रूप में गया और औरंगाबाद जिले की जर्जर सड़कों की सूची दे रहा हूं जो निम्न हैं- 1. टिकारी से अलीपुर वाया चैता कैशपा 2. परैया से बेलागंज वाया हिच्छापुर टेकारी 3. पंचानपुर से बेलागंज वाया भोरी 4. चितौखर मोड़ (कोंच) से उसास-देउरा वाया चितौखर 5. आंती मोड़ (कोंच) से रफीगंज-गोह एस.एच. पथ तक वाया आंती भाम 6. देव से बालूगंज वाया केताकी, पंडरिया, पांती पचौखर 7. जी.टी. रोड महापुर से गुरूआ वाया भरौंधा (गया जिला) 8. महाराजगंज से बालूगंज भाया मंझौली, डुमरी 9. रजोई मोड़ से बराही वाया दोसमा सिमरी 10. सत्तर पोखरा (नवीनगर) से सिरिस वाया मोहरकरमा बैरवा लोकनाथ 11. चतरा मोड़ से सुन्दरगंज वाया पवई 12. बेरी मदनपुर से विश्वंभरपुर मोड़ तक वाया पीरथू मीरगंज, परसा विश्वंभरपुर 13. औरंगाबाद पटना रोड से फेसर वाया बडवा, देवरिया झिकटिया 14. जी.टी. रोड कामा बिगहा से बालूगंज वाया खखडा कटैया, जीवा बिगहा मलहारा, 15. जी.टी. रोड से देव वाया आनंदपुरा 16. जी.टी. रोड से भरथौली वाया मुर्गी बिगहा 17. एन.एच.-139 चतरा मोड़ से भरथौली नहर होते हुए एन.एच.-2 तक।

मेरा सरकार से आग्रह है कि उपर्युक्त वर्णित पथों की विशेष मरम्मत का कार्य जनहित में शीघ्र कराया जाये जिससे जनता को आवागमन की सुविधा में सहूलियत हो।